किरपा का रखना सर पे मेरे हाथ सांवरे भजन लिरिक्स

किरपा का रखना,
सर पे मेरे हाथ सांवरे,
होती रहे यूँ ही-३,
ये मुलाकात सांवरे,
कृपा का रखना,
सर पे मेरे हाथ सांवरे।bd।

तर्ज – उनसे मिली नज़र।

जबसे मिला तेरा दरबार,
होती नहीं कोई दरकार,
जो चाहूँ वो मिल जाता,
ऐसा मिला मुझको दाता,
होती रहे तेरी-३,
ये करामात सांवरे,
कृपा का रखना,
सर पे मेरे हाथ सांवरे।bd।

याद मुझे वो दिन आते,
गम की सुबह और रातें,
गैरों की क्या बात करूँ,
मेरे मुझको छल जाते,
तेरी दया से अब-३,
ना मिले घात सांवरे,
कृपा का रखना,
सर पे मेरे हाथ सांवरे।bd।

परिवार ये मेरा चलता है,
कृपा से तेरी पलता है,
हर ग्यारस खाटू आकर,
प्यार जो तेरा मिलता है,
दिल की करूँ सदा-३,
तुझसे बात सांवरे,
कृपा का रखना,
सर पे मेरे हाथ सांवरे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

शुकर करूँ तेरा हर क्षण,
बाबा रखना अपनी शरण,
दास रहे ये 'रसिक' तेरा,
ऐसा करना श्याम जतन,
'गौरी' करे भजन-३,
तेरा दिन रात सांवरे,
कृपा का रखना,
सर पे मेरे हाथ सांवरे।bd।

किरपा का रखना,
सर पे मेरे हाथ सांवरे,
होती रहे यूँ ही-३,
ये मुलाकात सांवरे,
कृपा का रखना,
सर पे मेरे हाथ सांवरे।bd।

Singer – Gouri Agarwal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com